## खबर संक्षेप

### शहर में निकाली जा रही राम नाम प्रभातफेरी

**सौंसर।** श्री सुन्दरकाण्ड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा आगामी तीन दिवसीय श्री रामजन्मोत्सव रामनवमीं 2024 की तैयारियों के उपलक्ष्य में श्री राम नाम जाप प्रभात फेरी प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में निकली जा रही है साथ प्रति शनिवार की तरह इस शनिवार चंदनगांव में स्थित पुरूषोत्तम अलडक जी के निवास में संगीतमय सुन्दरकांड का महापाठ किया गया साथ सभी को रामनवमी में आयोजित विशाल शोभायात्रा में शामिल होने के लिय आमंत्रित किया गया ग्रुप के प्रमुख शुभम कसार ने बताया कि आगामी रामनवमी को लेकर शांति नाथ लॉन छप्पन भोग छोटा तालाब में रामनवमी हेतु 31 मार्च दिन रविवार को महत्वपूर्ण बेठक रखी गई है जिसमे आप सभी सादर आमंत्रित हैं

### निमोटी की गौ-शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** उप संचालक पशुपालन डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज जिले के विकासखंड परासिया के ग्राम बीजकवाड़ा की राधे कृष्ण गौ-शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 50 गौ-वंश गौ-शाला में पाये गये। उन्होंने गत दिवस जिले के विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम निमोटी की धनगौरी गौ-शाला का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

### समीर उपाध्यक्ष एवं विजय मंत्री नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू एवं भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव की अनुशंसा पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष समीर चौरसिया चांद को एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री विजय घाघरे बिछुआ को नियुक्त किया है । नियुक्ति पर मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की ।

## बुजुर्गों सहित बच्चों में दिखने मिल रहा उत्साह, बाजार में बढ़ी रौनक

# आज रंग बिरंगे रंगों से मनाई जाएगी धुलेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

रविवार को रात में जहां पूरे शहर में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में होली जलाई गई। इसके अलावा सोमवार को रंगों का त्यौहार धुलेंडी के लिए शहर पूरी तरह से सज चुका है। बाजारों में रंगों, पिचकारियों की दुकानें लग चुकी है। लोगों ने कल की तैयारियां भी कर ली है।

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता चल रही है ऐसे में चौक चौराहों पर पुलिस भी तैनात है। वाहनों की जांच जारी है। होली के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने बीतेदिनों पहले शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई थी।



लेकिन धुलेंडी पर्व पर असामाजिक तत्व किसी भी तरह के हुडदंग न करे और नियमों के उल्लंघन करते हुए कोई गतिविधियां न हो सके इसके लिए चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा। पुलिस सहित प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी अच्छे कर ली गई

### जन अभियान परिषद ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में परामर्शदाताओं में समाजसेवी विनोद तिवारी, लता नागले, तृप्ति ठाकुर, जयप्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के मार्गदर्शन में ग्राम वनगांव में एम.एस.डब्ल्यू. की छात्राओं नीतू कराडे एवं ज्योत राज द्वारा आंगनवाडी केन्द्र में मतदाता जागरूकता अभियान केअंतर्गत मतदान करने हेतु प्रेरित कर स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों को भी




मतदान अवश्य करने हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलायी। साथ ही जो नवीन मतदाता है और वह प्रथम बार मतदान करेंगे उन्हें भी मतदान करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकर्ता संध्या यादव, सहायिका राजकुमारी सहित ग्राम की महिलाओं ने सहभागिता की।

## मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भी आएंगे

# भाजपा प्रत्याशी विवेक साहू 27 मार्च को भरेंगे नामांकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रभारी संतोष पारीक, लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, जिलाध्यक्ष डॉ शेषराव यादव सहित भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में 27 मार्च को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा स्थानीय दशहरा मैदान में दोपहर साढ़े बारह बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ शेषराव यादव ने अधिक से अधिक संख्या में जिले के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से इस आमसभा में सम्मिलित होने की अपील की है।

## पांढुर्णा विधानसभा के मंडलों में लोकसभा चुनाव हेतु संगठनात्मक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू द्वारा सांवरी, नांदनवाड़ी, पांढुर्णा एवं पांढुर्णा ग्रामीण में संगठनात्मक बैठक ली गई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि हमें प्रत्येक पंचायत में 50 नए युवाओं को जोड़ना है। प्रत्येक शक्ति केंद्र में बैठक कर प्रभारी नियुक्त करना है। साथ ही हमारे सभी मोर्चे पंचायत लेवल पर चौपाल लगा कर जनता, मतदाताओं को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दें। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने संगठन के प्रत्येक मोर्चा को शक्ति केंद्र में बैठक कर प्रत्येक बूथ में अधिक से अधिक वोट बढ़ाने पर चर्चा की । लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, भाजपा जिलाध्यक्ष पांढुर्णा श्रीमती वैशाली महाले, प्रभारी राजू परमार, सहप्रभारी देववीदास राउत, विधानसभा प्रत्याशी प्रकाशभाऊ उईके, जिला महामंत्री डॉ. उमेश कड़वे, जिला उपाध्यक्ष राजू रेवतकर, जिला कार्यालय मंत्री कमलेश राठोर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता कुमरे, मंडल अध्यक्ष अरविंद सूर्यवंशी मौजूद रहे।

### चाँद के साप्ताहिक बाजार में शत-प्रतिशत मतदान के लिये अनेक कार्यक्रम संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री जे.के.इडपाचे, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चौरई श्री तरुण राहंगडाले और विकासखण्ड स्वीप नोडल अधिकारी जनपद शिक्षा केन्द्र चौरई श्री विजय पवार के मार्गदर्शन एवं स्वीप प्रभारी श्री राकेश कुमार मालवीय और मुख्य नगर पालिका अधिकारी चांद श्री राधेश्याम चौधरी के नेतृत्व में स्वीप गतिविधि कैलेंडर के अनुसार आज नगर परिषद चाँद के साप्ताहिक बाजार में शत-प्रतिशत मतदान के लिये अनेक कार्यक्रम संपन्न हुये । स्वीप प्रभारी श्री मालवीय ने बताया कि नगर पालिका परिषद चाँद में चुनाव का पर्व देश का गर्व कार्यक्रम के अंतर्गत विगत विधानसभा निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत वाले केंद्रों को दृष्टिगत रखते हुये होली के उपलक्ष्य में भरी साप्ताहिक बाजार में नगर परिषद के अधिकारी/कर्मचारियों, बी.एल.ओ., आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा-उषा कार्यकर्ताओं आदि ने मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने का अनुरोध किया। मतदाता जागरूकता गीतों की धुन पर नगर परिषद चाँद कार्यालय से यह स्वीप दल मुख्य सड़क होते हुए बस स्टैंड, बादगांव चौक से बाजार पहुंचा।

# क्षेत्र में हमारी सक्रियता ही जीत का मूल मंत्र है: डॉ शेषराव यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, जिलाध्यक्ष डा शेषराव यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी द्वारा प्रभारी एवं संयोजकों की बैठक ली।

बैठक में लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि ये लोकसभा चुनाव हमारा नहीं ये चुनाव मोदी जी का चुनाव है। श्री दिवाकर ने कहा कि इस चुनाव में हम निश्चित रूप से 4 सौ से ज्यादा सीट जीतेंगे और ये हम इसलिए जीतेंगे क्योंकि भारत की जनता की आशा, आकांक्षा और सपनों को पहली बार कोई प्रधानमंत्री पूरा कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ शेषराव यादव ने कहा कि क्षेत्र में हमारी सक्रियता ही जीत का मूल मंत्र है। हम अपने क्षेत्र अपने बूथ पर जितना अधिक सक्रिय रहेंगे हमें उतनी बड़ी जीत मिलेगी। डा यादव ने कहा कि हमें अपने साथियों पन्ना प्रभारियों के साथ बैठक कर, उनके साथ मतदाताओं के घर तक पहुंचना है। डा यादव ने कहा कि पन्ना प्रभारियों के साथ मिलाकर लाभार्थियों तक पहुंचना है और उन्हें मिल रहे लाभों की चर्चा करना है। डा यादव ने कहा कि लक्ष्य कठिन नहीं है बस मेहनत करना है, सफलता जरूर मिलेगी। इस बैठक में कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष पंकज पाटनी द्वारा किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश दारा जुनेजा, जिला मंत्री सौरभ ठाकुर, जिला कार्यालय मंत्री अलकेश लाम्बा, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अरूण शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर, उपाध्यक्ष पंकज पाटनी, श्रीमती भारती साहू आदि मौजूद थे।

## मोहखेड़ मंडल के युवाओं ने की भाजपा की सदस्यता ग्रहण



**सौंसर।** रविवार को पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ के निवास स्थान पर मोहखेड़ मंडल के दो दर्जन से अधिक युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी युवाओं का पूर्व राज्य मंत्री श्री मोहड के द्वारा भाजपा का दुपट्टा उड़ाकर स्वागत सत्कार किया। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा निरंतर किया जा रहे प्रदेश के सर्वांगीण विकास, और जनकल्याणकारी को देखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस छोड़ युवा भाजपा में शामिल हो रहे हैं। सौसर छिंदवाड़ा और मार्केट क्षेत्र के युवा भी बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हो रहे हैं। सौसर विधान सभा के मोहखेड़ क्षेत्र के युवाओं के द्वारा की गई भाजपा की सदस्यता ग्रहण अवसर पर पूर्व जिला कोऑपरेटिव बैंक डायरेक्टर रामकृष्ण वाकोड़े मंडल अध्यक्ष सदन साहू,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े,एंड हरीश बत्रा नीलेश जुननकर,आदि थे।

# निशुल्क गोबर के उपले का किया गया वितरण

### दहशरा मैदान में लगाया स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य सरकार एवं पशु चिकित्सालय के निर्देश पर संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गौशाला द्वारा आज स्थानीय दशहरा मैदान पर गोबर के उपलों का स्टॉल लगाकर प्राकृतिक होली दहन के लिए प्रेरित किया गया । गौशाला प्रतिवर्ष यह स्टॉल लगाती है। गोबर के उपले से होलिका दहन पर्यावरण की दृष्टि से भी जरूरी है। गौशाला द्वारा न्यूनतम दर पर कंडे वितरण किया। वहीं धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को निःशुल्क कंडे वितरण किया। पूज्य बापूजी वैदिक होली के लिए भी समस्त मानव जाति को प्रेरित करते हैं। धुरेंडी केमिकल वाले रंगों के बजाय पलाश और गेंदे के फूलों से बने रंगों से खेलना चाहिए जो स्वास्थ्यवर्धक और ग्रह जनित बाधाओं से मुक्ति दिलाता है। इस कार्यक्रम में साध्वी नीलू बहन , खजरी आश्रम संचालक श्री जयराम भाई , श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालक श्रीमती दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , जिला पशु चिकित्सालय के डॉक्टर पक्षवार , डॉक्टर टांडेकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

### आज होगी सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता

**छिंदवाड़ा।** नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में अष्टांहिका महापर्व पर फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता आज फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 25 मार्च को होगी।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया की महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 6.50 बजे शांति जाप से होगा, 7.15 बजे से श्री देव - शास्त्र - गुरु पूजन के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता कर महाअर्ध समर्पित कर विश्व शांति की मंगल कामना के साथ शांति पाठ किया जावेगा पश्चात वीतराग भवन में सभी साधर्मियों के साधर्मी वात्सल्य का आयोजन विधान आयोजक परिवार प्रकाश जैन, निशांत जैन, अनुभव जैन अहिंसा परिवार द्वारा रखा गया है।जन्मकल्याणक की मनाई खुशियां -नौ दिवसीय मंगल महोत्सव के अंतर्गत चल रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत वीतराग भवन में बनाई गई अयोध्यापुरी में प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का मंगलकारी जन्मकल्याणक की खुशियां इंद्र सभा में मनाई गई। जिसमे सौधर्म इंद्र एवं शचि इंद्राणी बनने का सौभाग्य श्रीमती छाया प्रकाशचंद्र जैन को प्राप्त हुआ।

## खमारपानी अंतर्गत जमुनिया के जंगल में बिछुआ पुलिस ने पकड़ा जुआं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेश के पालन में मुखबिर की सूचना पर खमारपानी अंतर्गत जमुनिया ग्राम के जंगल में जुआं खेलने की सूचना पर दबिश दी गई,इस दौरान मौके से चार आरोपियों, रविदास/पूना पहाड़े उम्र 31 वर्ष,निवासी तेमुरदोह थाना खापा जिला नागपुर ,निखिल/मानकर नैनेश्वर उम्र 27 साल थाना खापा नागपुर, राधेश्यम/रामदास सातंकर उम्र 37 वर्ष निवासी राजना बिछुआ,अंकेश/तुलाराम इनवाती उम्र 24 साल निवासी जमुनिया खुर्द, पकड़ाए जिनके कब्जे से जुआं फड़ से 4110 रुपए,एवम 02 मोटरसाईकिल जब्त की गई दो अन्य आरोपी ब्रजेश साहू और गोलू साहू दोनों निवासी खमारपानी मौके से भाग गए जिनकी तलाश जारी है,अतः कुल छः आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 13 जुआं एक्ट 188 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।इस अभियान में टी आई जी एस राजपूत,एस आई पाचे, कांस्टेबल किशोर,राकेश,बसंत,जयंत,वीरेंद्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में फ्लाईंग स्क्वाड दल के प्रभारी अधिकारी/सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 159 के प्रावधानों के अंतर्गत पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिंदवाड़ा में शामिल 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुये विधानसभा से संबंधित थाना के अंतर्गत आने वाले सभी सेक्टरों के लिये फ्लाईंग स्क्वाड दल के सदस्यों को नियुक्त किया गया है । उन्होंने नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि वे तत्काल अपनी उपस्थिति संबंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को देना सुनिश्चित करें और तत्काल अपना कार्य प्रारंभ कर प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करें। उन्होंने दल के प्रत्येक सदस्य को निर्देश दिये हैं कि प्रमुखता से अपने कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करते हुये आदर्श आचरण संहिता के उल्लघंनों व सम्बद्ध शिकायतों के सभी मामलों पर कार्यवाही करें। डराने, धमकाने, असामाजिक तत्वों, शराब, हथियार व गोला बारूद और निर्वाचकों को रिश्वत देने के प्रयोजन से भारी मात्रा में नकदी को लाने व ले जाने आदि की सभी शिकायतों पर कार्यवाही करें। अभ्यर्थियों/राजनीतिक दलो द्वारा उपगत या अधिकृत निर्वाचन संबंधी शिकायतों पर कार्यवाही करें। आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने के उपरान्त राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली प्रमुख रैलियों, सार्वजनिक बैठकों या अन्य बडे व्ययों के लिये वीडियो निगरानी दल की सहायता से वीडियोग्राफी करायें। उड़नदस्ता प्रभारी अधिकारी प्रतिदिन प्रारूप (क) में अपनी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे और उसकी प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग ऑफिसर और व्यय प्रेक्षक को तथा प्रारूप (ख) की रिपोर्ट सामान्य प्रेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर को भेजें। आयोग के निर्देशानुसार ईएसएमएस पोर्टल का संचालन जप्ती की रिपोर्ट के प्रयोजन के लिये करना सुनिश्चित करें और भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश व रिपोर्टिंग के प्रत्रकों में दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 122-जुन्नारदेव में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी जुन्नारदेव श्रीमती कामिनी ठाकुर और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जुन्नारदेव श्री के.के.अवस्थी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए।

## अवैध रूप से शस्त्र रखने वाले पर की कार्यवाही एवं चैकिंग के दौरान किये गये नकदी जब्त

# चौरई पुलिस ने अवैध कच्ची शराब बेचने वालों पर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये जा रहे मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में एवं श्रीमान सौरव तिवारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चौरई के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी : चौरई संजय भलावी की टीम के द्वारा दिनांक 23/03/24 को मुखबिर सूचना मिली की ग्राम बांकानागनपुर में दो व्यक्ति अपने-अपने घर के पीछे बाडी में अवैध रूप से अधिक मात्रा में कच्ची शराब रखे हुये हैं कि सूचना पर पुलिस स्टाफ द्वारा दो अलग-अलग टीम गठित कर मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही की गयी। एक टीम के द्वारा मौके परं आरोपी बलराम पिता भावसिंह उईके उम्र 40 साल निवासी बांकानागनपुर अपने घर के पीछे बाडी में मिला जिसके कब्जे से 4 प्लास्टिक की केन में कुल 60 लीटर कच्ची शराब मिली। जिसे समक्ष गवाहो के जप्त किया गया। दूसरी टीम के द्वारा आरोपी शंभू बनवारी पिता चंदन बनवारी उम्र 48 साल निवासी बांकनागनपुर अपने घर के पीछे बाडी में मिला जिसके कब्जे से 4 प्लास्टिकं की केन में कुल 60 लीटर कच्ची शराब मिली। जिसे समक्ष गवाहो के जप्त किया गया। दो अन्य प्रकरण में ग्राम पाल्हरी से आरोपी प्रदुम पिता मनीराम कहार उम्न 22 साल निवासी पाल्हरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची शराब एवं ग्राम साजपानी से आरोपी बुध्मान पिता रामा कहार उम्र 40 साल निवासी साजपानी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब इस प्रकार पुलिस टीम के द्वारा 136 लीटर कच्ची शराब कीमती 13600 रूपये की जप्त की गयी है। साथ ही साथ ग्राम झिलमिली पेंच नदी के डु पास, ग्राम पाल्हरी में कुल 300 कि.ग्रा. कीमती 15000 रूपये का महुआ लाहान नष्ट किया गया है। एक अन्य प्रकरण में आरोपी नीरज पिता रामसिंह वर्मा उम्र 23 साल निवासी कलकोटी थाना चौरई का अवैध रूप से एक लोहे का बका रखे मिलने पर आरोपी के विरूध्द आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। समसवाडा बार्डर चैकिंग के दौरान एसएसटी, पुलिस टीम चौरई द्वारा कुल 203900 रूपये नगदी जप्त किये गये है। पंजीबध्द अपराध थाना चौरई में आरोपीगणो के विरूध्द1.अप.क्र. 239/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट 2. अप.क्र. 240/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट3. अप.क्र. 236/24 धारा 34 ए आबकारी एक्ट4.अप.क्र. 237/24 धारा 34 ए आबकारी एक्ट5. अप.क्र. 235/24 धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द किया गया है।जप्त संपत्ति 136 लीटर कच्ची महुआ की शराब कीमती 136000 रूपये एवं साथ ही 300 कि.ग्रा. महुआ लाहान कीमती15000 रूपये के नष्ट किया गया है। एक लोहे के बका कीमती 100 रूपये का जप्त किया गया है।SST/पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान कुल 203900 रूपये नगदी जप्त किये गये है। आरोपी- 1. बलराम पिता भावसिंह उईके उम्र 40 साल निवासी बांकानागनपुर थाना चौरई2. शंभू बनवारी पिता चंदन बनवारी उम्र 48 साल निवासी बांकानागनपुर थाना चौरई3. प्रदुम पिता मनीराम कहार उम्र 22 साल निवासी पाल्हरी थाना चौरई 4. बुधमान पिता रामा कहार उम्र 40 साल निवासी साजपानी थाना चौरई5. नीरज पिता रामसिंह वर्मा उम्र 23 साल निवासी कलकोटी. थाता चौरईपुलिस टीम- निरीक्षक संजय भलावी थाना प्रभारी चौरई, उ.नि. रामकुमार ठाकुर, उ.नि.लता मेश्राम, उ.नि. सावित्री बघेल, सउनि. नारायण बघेल, सउनि सतीश दुबे, सउनि शैलेष ठाकुर, सउनि पूनम सनोडिया, सउनि शेख असगर अली, आर.898 सतीश बघेल आदि की भूमिका रही।

# सरकारी भवन खोल रहा नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण की सच्चाई पोल








हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकार द्वारा जिस तरह स्वच्छता का संदेश देते हुये शहरों को स्वच्छ रखने के नाम पर नगरी निकाय से लेकर ग्राम पंचायतों को पुरूस्कार देने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। वही दूसरी ओर नगर पालिकाओं से लेकर नगर परिषद तथा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के लिये मनमानी राशि प्रदान की जा रही है। इस तरह स्वच्छता के नाम पर मिलने वाली राशि को स्थानीय स्तर की संस्थाओं द्वारा किस तरह उपयोग करते हुये कागजों में वाही वाही लूटकर कागजों घोड़ा दौडाते हुये ऊपरी स्तर पर वाही वाही लूटकर अब्बल नम्बर प्राप्त किये जाते है इस बात की सच्चाई नगर के शासकीय भवनों की हो रही दुर्दशा अपने आप ही उजागर करने से नही चूक रही है? आये दिन नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आम जन को स्वच्छता का संदेश देते हुये जागरूकता अभियान चलाते हुये देखा जाता है। मगर उनके द्वारा चलाये जाने वाले इन अभियानों पर जनता द्वारा सबाल उस समय खड़े करने में देरी नही की जाती है। जब नगर में शासकीय भवनों में मात्र साफ सुधरे अक्षरों में स्वच्छता सर्वेक्षण का संदेश लिखते हुये उनके दुर्दशा का शिकार होने के लिये छोड़े जाने की सच्चाई नगर पालिका कार्यालय से चंद कदम दूरी पर स्थित यह सरकारी भवन नगर पालिका प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..? कहने के लिये तो यह सरकारी भवन नगर पालिका की संपत्ति होने के साथ साथ इस भवन में विधान सभा से लेकर लोकसभा सहित अन्य चुनावों के दौरान मतदान केन्द्र की स्थापना की जाती है। मगर चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद शासन के अधिकारियों द्वारा इस भवन की ओर रूख करना भी उचित नही समझे जाने का परिणाम है कि यह भवन अपने इतिहास को लेकर अपनी बदहाली पर आंसू बहाने से नही चूक पा रहा है..? ज्ञात हो कि नगर पालिका कार्यालय से चंद कदम दूरी पर पानी टंकी के ठीक सामने स्थित नगर पालिका प्रशासन की संपत्ति माने जाने वाली यह भवन कई वर्षो पहले शासकीय चिकित्सालय के रूप में देखा जाना पहचाना जाता था। इसके उपरांत कई वर्षो तक इस भवन में शासकीय महाविद्यालय का विज्ञान विभाग की पढ़ाई संचालित होने के चलते इस भवन में बैठकर नगर सहित आसपास के अनेक गांवों छात्र छात्राओं द्वारा उच्च स्तर की शिक्षा हासिल करने के बाद वह अनेक बड़े पदों पर पहुंचकर इस नगर का नाम रोशन करने से नही चूक रहे है। जिन छात्र छात्राओं ने इस भवन में बैठकर कालेज स्तर की शिक्षा ग्रहण करते हुये सफलताये हासिल की गई है। वह छात्र छात्राये जब इस नगर में आते है तो निश्चित तौर से इस भवन के सामने से गुंजरने के दौरान भवन का चरण वंदन करने से नही चूकते होगे..। मगर इस भवन की दुर्दशा को देखकर उनकी आंखों में आंसू आने से भी नही चूक पाते होगे..? इस तरह जब नगर के वायपास मार्ग पर नये महाविद्यालय का निर्माण होने के बाद विज्ञान विभाग सहित संपूर्ण महाविद्यालय का संपूर्ण प्रक्रियाये वहां पर संचालित होने लगी तो नगर पालिका द्वारा इस भवन को निजी शिक्षण संस्था नालंदा विद्यापीठ को किराये के रूप में सौप दिया गया था। इस तरह इस सरकारी भवन में वर्षो तक नालंदा विद्यापीठ का संचालन होने के चलते इस भवन की रौनकता में चार चांद लगने से नही चूक पाये थें। वही दूसरी ओर इस भवन में छात्र छात्राओं की किलकारी जहां इस क्षेत्र में मनमोहक बन चुकी थी तो दूसरी ओर तीज त्यौहार के दौरान इस भवन की रंग रोगन होते रहने के चलते यह भवन अनोखी छटा विखरने से भी नही चूक रहा था और उसी समय से इस भवन की नई पहचान नालंदा विद्यापीठ के रूप में बन चुकी है। इस तरह शुरूआती तौर में शासकीय चिकित्सालय के बाद साइंस महाविद्यालय और बाद में नालंदा विद्यापीठ इस तरह त्रिवेणी नामों की पदवी धारण करने वाला यह भवन वर्तमान में नगर पालिका की संपत्ति होकर सिर्फ चुनावी प्रक्रिया के लिये सीमित होकर रह जाने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि जहां नगर पालिका द्वारा बीते हुये वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2022-23 में प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर नगर पालिका के सफाई विभाग सहित अन्य अधिकारियों द्वारा वाही वाही लूटकर अपना सीना फुलाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर वही दूसरी ओर नगर की सफाई व्यवस्था की सच्चाई की पोल नगर पालिका का शासकीय भवन नालंदा विद्यापीठ खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। कहने के लिये तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा यहां पर साफ सुधरे अक्षरों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का संदेश लिखवाया गया है। मगर सफाई की हालत इस तरह देखने मिल रही है कि भवन के परिसर से लेकर भवन की खपरों सहित संपूर्ण क्षेत्र में जिस तरह गंदगी का अम्बार देखने मिल रहा है। स्वच्छता की सच्चाई की बदहाली सिर्फ यही तक सीमित नही रह गई है। नपा के सफाई विभाग की अनदेखी का परिणाम है कि भवन के पास में लगे हुये बरगए के पेड़ से झूलती हुई जडों ने छप्पर को फाड़ते हुये अंदर प्रवेश करने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब नगर पालिका प्रशासन खुद का भवन गंदगी से अटा पड़ा हुआ देखा जा रहा है तो फिर क्या स्वच्छता सर्वेक्षण को सफलता मिल पायेगी..? वही भवन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस भवन में चुनावी प्रक्रिया के दौरान मतदान केन्द्र की स्थापना की जाती है। जिसके चलते बीते हुये विधान सभा चुनाव के दौरान नम्बर माह में मतदान के लिये केन्द्र स्थापित किया गया था और निश्चित तौर से आने वाले माह यानि की अप्रैल में होने वाली लोक सभा चुनाव को संपन्न कराने के लिये फिर यहां पर मतदान केन्द्र स्थापित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इस तरह अपने इतिहास को समेटे हुये इस भवन को क्या सिर्फ चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही नगर पालिका द्वारा याद करते हुये सफाई की औपचारिकता निभाई जाती है...?

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र की पंचायतों में हुये निर्माण कार्यो की जांच से उजागर हो सकती है गुणवत्ता की सच्चाई?

**सालीचौका।** जिस प्रकार से लोग अपनी ग्राम पंचातयों में किसी जनप्रतिनिधि का चुनाव करती है तो उसे उससे काफी उम्मीदे रहते हुए ग्राम के विकास की बाट जोही जाती है, मगर अक्सर देखा जाता है कि कुर्सी मिलने के बाद वह ग्राम विकास को भूलकर सिर्फ अपनी विकास की ओर ध्यान देने से नही चूकता है? इस बात की सच्चाई ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों के कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नई पंचातयों का गठन हुआ तो ऐसा जान पड़ा की शायद अब ग्रामों की तस्वीर बदल जावेगी? मगर ऐसा कुछ हुआ जान नही पड़ रहा है और पांच वर्ष बीत चुके है यदि पूर्व के समय के सरपंचो के कार्यकाल पर गौर किया जावे तो उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को लेकर अनेक ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली के खिलाफ आज भी अंगुली उठ रही रही हैं? सरपंचों के खिलाफ शिकायतों का आनवरत सिलसिला जारी है, जिम्मेदार अधिकारियों के पास ऐसी अनेक शिकायतें निराकरण की बाट जोह रही है जिनकी यानि निष्ठा के साथ जांच हो जावे तो पंचायतों में हुए घोटालों की सच्चाई सामने आ सकती है? वैसे सच यह भी है कि यदि प्रशासन इन शिकायतों के प्रति गंभीर रूप अख्तियार करता तो अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचो द्वारा पूर्व में डकारी गई शासकीय राशि अपने घर से चुकानी पड सकती है?

### गांवों के हेण्ड पम्प सुधारने की उठी मांग

**गाडरवारा।** गर्मी का मौसम शुरू होने से ग्रामों के निवासी पेयजल उपलब्ध करने हेण्ड पम्पों पर निर्भर होते चले जा रहे है। किन्तु बड़ी ही बिडम्बना की बात है कि सरकार द्वारा लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग द्वारा पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र के अनेक गांवों में लोग पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुए आसानी से देखे जा रहा है, क्योंकि गांवों में लगे हुए हेण्ड पंपो की सच्चाई जिस प्रकार से बनी हुई है कि वह पानी की जगह हवा उगलते हुए दिखाई दे रहे है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि क्षेत्र के कई गांवो के हेण्ड पम्प विगत लम्बे समय से बिगड़े हुए है और उनकी संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से कोई सुध न लेने से स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि आने वाली महिनों में पड़ने वाली प्रचंड गर्मी के दिनों में उपयोगी साबित नही होंगे, जिसको लेकर क्षेत्र की ग्रामो के निवासियो ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से गुहार लगायी है कि वह क्षेत्र के गांवो में लगे हेण्ड पम्पो की स्थिति की शीघ्र पड़ताल कराये और समय रहते हुए बिगड़े हेण्डपम्पों में सुधार कराये ताकि आने वाली गर्मी के मौसम में गांवो में गर्मी के मौसम में लोगों को जलसंकट उत्पन्न होने पर विराम लग सके।

### भाई भतीजावाद के चलते सरकारी योजनाएं हो रही फेल

**सांईखेड़ा।** इस समय देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आवास व केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री आवास योजना तथ पूर्व से संचालित इंदिरा आवास योजनाएं शामिल है। मगर इन योजनाओं को चलते जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से काफी समय से संचालित की जा रही है, परंतु इसके बाद भी आज इसके वास्तविक हकदार इन योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नजर आ रहे हैं? यह योजना विगत काफी समय से संचालित की जा रही है, यदि इसका सही क्रियान्वयन होता तो लगभग हर ग्राम पंचायत में गरीबों को आवास मिल चुका होता, परंतु आँकड़ों की जादूगरी में यह योजना ऐंसी गुम हुई कि इसके वास्तविक हकदार आज भी परेशान हैं? और योजना के आँकड़े हजारों के लाभान्वित हो जाने की जानकारी दे रहे हैं? ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं के माध्यम से यह तय किया जाता है कि इंदिरा आवास योजना का लाभ इसे दिया जाता है, हालाकि विगत वर्षों में इसके लक्ष्य को हल कर दिया गया है, ग्राम सभाये कागजी होड़ की हैं।



### हीरो कंपनी द्वारा शेखर व्हीकल्स में माध्यम से लगाये गये फ्री कैम्प के माध्यम से मिला 600 से अधिक ग्राहकों को लाभ, सभी को गिफ्ट के साथ सम्मानित किया गया

**गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब किसी संस्था द्वारा अपने ग्राहकों को कोई वाहन का विक्रय किया जाता है तो उन वाहन के खरीदारों को कंपनी द्वारा समय समय पर सुविधाये भी प्रदान की जाती है। इसी के चलते देश की जाने मानी हीरो मोटर कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के दिलों में अलग ही जगह बनाई गई है। वही दूसरी ओर अपने ग्राहकों क सुविधा को ध्यान में रखते हुये बीते हुये दिवस गाडरवारा के अधिकृत डीलर शेखर व्हीकल्स एसोसियट की ओर से अपने व्हीकल्स क्रेताओं के लिये तीन दिवसीय विशाल मैगा सर्विस कैम्प का आयोजन 19 मार्च से 21 मार्च को किया गया था। बताया जाता है कि इस कैम्प में मात्र 99 रूपया में अपने मोटर साईकिल/स्कूटर की सर्विसिंग कंपनी के कुशल इंजीनियरों के मार्ग दर्शन में की गई थी। वही दूसरी ओर फ्री वॉशिंग, फ्री पॉलिसंग व फ्री नाईट्रोजन की व्यवस्था नगर के शांतिदूत होटल के सामने आयोजित कैम्प में मोटर साईकिलों के लिये उपलब्ध कराई गई थी। इस तरह शेखर व्हीकल्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कैम्प का शुभारंभ नपा अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा के आलवा पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमति अनीता रविशेखर जायसवाल, सभापति आनंद दुबे, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, सिद्घांत जायसवाल, बसंत डागा व शिवकुमा नीखरा की मौजूदगी में किया गया। वही इस मौके पर कंपनी के निलेश बोराडे जेड एस एम, ससी कुमार ए एस एम, अजय गोयल टी एस एम, पवन शर्मा टी एस एम, राजवीर सिंह, राहुल सोमकुवर टी एस ओ, आशीष सनोडिया टी एस ओ सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस तरह लगातार तीन दिन तक चले इस फ्री कैम्प में लगभग 600 से अधिक ग्राहकों ने अपनी मोटर साईकिलों की सर्विसिंग कराते हुये हीरा कंपनी द्वारा की गई इस व्यवस्था की सराहना की गई तो दूसरी ओर अपने ग्राहकों के सम्मान में गाडरवारा हीरो मोटर साईकिल कंपनी के शेखर व्हीकल्स के अधिकृत डीलर रविशेखर जायसवाल सहित उनकी संपूर्ण टीम द्वारा अपने ग्राहकों को उपहार के रूप में ड्रा के माध्यम से गिप्ट प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया। इस तरह आयोजित किया गया फ्री सर्विशिक कैम्प ।

# मन मोहक रूप में बनाई गई होलिकाओं का देर रात तक किया दहन

## आज शहर से लेकर गांव गांव होली के रंगों की रहेगी बहार







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

हर वर्ष जिस प्रकार से लोगों द्वारा बुराई का प्रतीक माने जाने वाले होलिकाओं का दहन किया जाता है उसके चलते इस वर्ष भी नगर में अनेक जगहों पर बनाई गई होलिकाओं का देर रात तक दहन होते हुये देखा गया। बताया जाता है कि नगर में अनेक जगहो पर गोबर के कंडों से बनाई गई होलिकाओं के ऊपर जिस प्रकार से होलिका की प्रतिमा स्थापित की गई थी वह निश्चित तौर से आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी, इस प्रकार से नगर में देर रात तक होलिका दहन होने के नजारे दिखाई देते रहे, वही सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये जहां तहां पुलिस बल तैनात रहा। वही हर साल की तरह इस वर्ष भी होलिका दहन के बाद आज धुरेडी के दिन नगर से लेकर गांव गांव सड़को पर रंग गुलाल की बाहर देखने मिलेगी। इस तरह आज होली के रंग में डूबने के दौरान किसी भी प्रकार से कोई अनहोनी घटना को रोकने के लिये नगर में पुलिस बल तैनात रहेगा। क्योंकि इस वर्ष होली त्यौहार के दौरान जहां मुस्लिम भाईयों का रमजान महिना चल रहा है तो दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के चलते जारी आचार संहित के दौरान होली का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये पुलिस बल पूर्णरूप से चुनोतियों का मुकाबला करते हुये इस त्यौहार को शांति पूर्वक सप्पन कराने के लिये चप्पे चप्पे पर तैनात नजर आने से नही चूक रहा है। इस तरह होली त्यौहार को लेकर पहले ही पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में गणमान्य लोगों सहित डीजे संचालक, मैरिज गार्डन संचालको की बैठकों का अयोजन करते हुये शांति पूर्वक त्यौहार मनाने के लिये जरूरी दिशा निर्देश दिये जा चुके है। वही शांति पूर्वक होली त्यौहान मनाने के बीच नगर के उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा का कहना है कि फाल्गुनी मस्ती का महापर्व होलिकोत्सव सभी को भाईचारे के साथ मनाना चाहिए, समाज परिवार की तरह होता है। वैसे भी देखा जावे तो इस शहर में यह मेरी यह पहली होली है और मेने सुना है कि लोग यहां पर बड़े की शांति पूर्वक तरीके से सभी त्यौहारों को मिल जुलकर मनाते है और मैं आशा करता हूं कि इस वर्ष भी इसी प्रकार से मनाया जावे। वही दूसरी ओर लोकसभा चुनाव को लेकर जारी चुनाव आचार संहिता का भी पूर्णरूप से पालन किया जावे। मेरी ओर से सभी नगर वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं के साथ में चाहता हूं कि इस त्यौहार पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक विवादों की स्थिति होली पर नहीं आना चाहिए होली एक दूसरे के गले मिलते हुए सभी बुराईयों का मिटा देती है इसलिए होली पर मदिरा पान कर हुड़दंग मचाने वाले युवाओं की कारगुजारियॉ बर्दाश्त नही की जायेगी तथा अनुशासन के माहौल में होली का पर्व मने इस बात पुलिस पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वही नगर पुलिस निरीक्षक उमेश तिवारी का कहना है कि शहर में शांति का जो वातावरण है वह पूर्णरूप से गर्व करने लायक है। शहर के युवायों में अनुशासन में रहने की जो रूझान है तथा बच्चों का जो शिष्टाचार है, उससे सहज में कहा जा सकता है कि नगर में होली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जाएगा और एहतियात के तौर पर आज रविवार को होलिका दहन कार्यक्रम पूर्ण शांति के साथ करते हुये कल रंगों का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगी और शांति व्यवस्था बनाये जाने हेतु हमारे द्वारा लगातार दो दिन तक पेट्रोलिंग चलेगी, हमे आशा है कि पुलिस को मित्र मानते हुए शहरवासी भी होली, रंग पंचमी पर भी कानून, व्यवस्था बहाल रखने हमारा सहयोग करेंगें जिससे होली त्यौहार पूर्ण शांति के साथ संपन्न होगा, जिससे हमारे साथ साथ नगर का नाम भी रोशन होने से बंचित नही रह पायेगा।

# बड़े संयोग से आई फागुन पूर्णिमा पर नर्मदा तटों पर

## उमड़ी भीड़, आज भी लगाई जावेगी आस्था की डुबकी



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस वर्ष जिस तरह फागुन पूर्णिमा का जो शुभ संगोग देखने मिल रहा है वह निश्चित तौर से बहुत कम देखा जाता है। क्योंकि इस वर्ष जहां होलिका दहन के दिन स्नान धान पूर्णिमा होने के चलते नर्मदा तटों पर भीड़ देखने मिली। मगर धुरडी के दिन व्रत पूर्णिमा सोमवार के दिन होने से इसका महत्व अलग भी बताया जाता है और फागुन व्रत पूर्णिमा व सोमवार का दिन एक साथ होना अनेक प्रकार के शुभ संकेत देते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि इस वर्ष भगवान भोले नाथ के प्रिय माने जाने वाले सोमवार के दिवस पड़ी हुई फाग व्रत पूर्णिमा के चलते जहां क्षेत्र के नर्मदा तटों पर आज भी भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। वैसे तो देखा जावे कि इस वर्ष फागुन पूर्णिमा दो दिन होने के कारण लोग कल रविवार को भी नर्मदा तटों पर आस्था की डुबकी लगाने से नही चूक पाये थें। मगर आज व्रत पूर्णिमा सोमवती होने का महत्व के चलते आज भी नर्मदा तटों पर भीड़ उमड़ने से नही चूकेगी। क्योकि देखा जाता है कि हर वर्ष फागुन पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा जी के पावन तटों के लिये पैदल जाने वाले लोगों की भीड़ रहती है और वह रात के समय ही पैदल रवाना हो जाता है और दूसरी दिन वाहनो को वापिस होते है। मगर इस वर्ष स्नान पूर्णिमा एक दिन पहले और धुरडी के दिवस व्रत सोमवती पूर्णिमा होने के कारण वाहन बंद रहने की संभावना के चलते नर्मदा भक्तों द्वारा एक ही पहले ही नर्मदा स्थान करते हुये पूजन किया गया। इसी के चलते क्षेत्र के ककरा घाट सहित समीपस्थ झोकाली, शोकलपुर, कोठिया, घघरौला खुर्द, नीलकुंड, पिठहरा, लिंगा खुर्द, थरेरी, भटेरा सहित नर्मदा के अन्य घाटों पर भक्तों की दिन भर भीड़ लगी रही। इस प्रकार से फाग पूर्णिमा के चलते जहां हजारों लोगों ने माँ नर्मदा के तट पर पहुंचकर माँ रेवाजी का पूजन अर्चन करते हुये आस्था की डुबकी लगाने के साथ भगवान सत्य नारायण की कथा सहित अनेक प्रकार से धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे किये गये। बताया जाता है कि लम्बे अंतराल के बाद शासकीय अवकाश व धुरडी के दिन फाग पूर्णिमा का पड़ना निश्चित की बड़ा शुभकारी बताया जाता है। जिसके चलते नर्मदा स्नान करने के लिये जाने वाले लोगों की भीड़ जहां बुधवार की शाम से ही सड़कों पर दिखाई देने लगी थी और अनेक गांवों से महिला पुरूष व बच्चे पैदल नर्मदा स्थान करने के लिये जाते हुये देखे गये। क्षेत्रवासियों के लिये आस्था का केन्द्र व जीवन दायनी माने जाने वाले माँ नर्मदा का ही आर्शीवाद है जिसके चलते क्षेत्रवासी सदा खुशियों से झूमते हुये पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदा का आर्शीवाद ग्रहण करने के लिये पैदल व सरे भरते हुये माँ नर्मदा तट पर पहुंचने से नही चूकते है। वही हजारों लोग अपने निजी वाहनों के माध्यम से भी माँ नर्मदाजी के तट पर पहुंचकर पूजन अर्चन करते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार का नजारा आज शुक्रवार को स्नान दान पूर्णिमा होने के कारण देखने मिलेगा।

# होली त्यौहार के पहले गाडरवारा पुलिस ने पकड़ी भारी मात्रा में शराब



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

होली त्यौहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में गाडरवारा पुलिस द्वारा लगातार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है जिसके चलते पुलिस द्वारा बीते हुये एक सप्ताह से मादक पदार्थ सहित विस्फोट के साथ लोगों को गिरप्तार करने में सफलता हासिल करने के बाद अब होली त्यौहार के पहले 305 लीटर जप्त करते हुये 2 क्विंटल लाइन नष्ट किया गया है। ज्ञात हो कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विनिर्माण,परिवहन,संधारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अभियान चलाते हुये अवैध धंधों में लिप्त रहने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसी के चलते होली त्यौहार के पूर्व थाना प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना अंतर्गत अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में मारे गये छापे के दौरान एक महिला के पास से 4 कुप्पो में अलग अलग लगभग 305 लीटर शराब जप्त करते हुये आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है। वही 2 क्विंटल लाहन मौके पर नष्ट किया गया है। इस कार्यवाही में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के आलवा उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, महिला आरक्षक गीता अग्रवाल उप निरीक्षक अभिषेक पटेल,उप निरीक्षक नीलेश बड़कुर,उप निरीक्षक गजराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक पुनीत कटारे,सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर बटके, सहायक उप निरीक्षक राकेश दीक्षित, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक अवधेश पटेल, प्रधान आरक्षक संजय डोंगरे,प्रधान आरक्षक करन सिंह,प्रधान आरक्षक विजय मिश्रा, आरक्षक दिनेश पटेल, आरक्षक आकाश बारोलिया, आरक्षक शिवम गुर्जर,आरक्षक रामसिंह का विशेष योगदान रहा।

# कान्हीवाडा थाना क्षेत्र में बैठने लगी जुए की महफिल, जुआरियों को नहीं है पुलिस का डर

## एसपी के आदेशों की उड़ रही हैं धज्जियां, सरेआम कट रही है नाल, जमकर लग रहे है दाव

**सिवनी पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने अवैध कारोबार जैसे जुआ, सट्टा,अवैध शराब बिक्री,नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने सख्त आदेश जारी किए है।जिसके बाद भी शहर से लगे कान्हीवाडा थाना अंतर्गत लगने वाले कुछ गांव में देर रात होते ही खुलेआम जुआ फड़ की महफिल सज रही है।आखिर किसके संरक्षण में जुआ फड़ का संचालन किया जा रहा है,क्या कान्हीवाडा पुलिस को नही है इसकी जानकारी?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




सूत्र बताते है कि जुआ संचालित करने वाले लोग कानीवाड़ा थाना क्षेत्र के ही हैं जिनका आना-जाना थाने में लगा ही रहता है एवं आने वाले त्योहार होली में बड़े रूप से जुआ संचालित करने की योजना बनाई जा रही है जबकि सिवनी पुलिस अधीक्षक का सख्त आदेश है कि जुआ फड़ संचालित करने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए परंतु चुनाव आचार संहिता लगने के बाद भी क्षेत्र में जुआरी अपना जाल फैलाकर हुए की महफिल चला रहे हैं।क्षेत्र में जुआ अब चोरी छुपे ना होकर खुलेआम होने लगा है ताश के पत्तों पर हजारों के दाव लगने लगे हैं इन सट्टा जुआ से न जाने कितने परिवार बर्बादी की कगार में आ चुके हैं एवं अपराधिक गतिविधियां भी बड़ रही हैं ऐसा होना लगभग असंभव है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है या यू कहना गलत नहीं है कि पुलिस इन ज्वारियों को संरक्षण दे रही है क्षेत्र के युवा पूरी तरह से जुए की लत में शामिल हो चुके हैं । हरिभूमि अखबार के अगले अंक में आगे पढियेगा की जुआरियों द्वारा किन किन स्थान में जुआ संचालित हो रहा है एवं इसमें किस किसका सहयोग है पूरी खबर विस्तारपूर्वक प्रकाशित की जाएगी।



# गैर कानूनी प्रक्रिया से संचालित 6 डम्परों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

पुलिस अनुभाग से जारी प्रेस विज्ञाप्ति के अनुसार बीती रात राजस्व अनुभाग अंतर्गत दिनांक 22 मार्च को बैगर रायल्टी के संचालित डम्परों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ा। लोक सुनवाई के दौरान क्षेत्र के लोगों के द्वारा खदान स्वीकृत ना होने के बाद भी अवैध रेत उत्खनन ,भंडारण, परिवहन करने की शिकायत को दृष्टिगत रखते हुए श्री आशीष एसडीएम (आईएएस) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व , श्री आशीष भराडे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व खनिज विभाग के अमले ने रात्रि उगली क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण उपरांत वहान चलाको द्वारा ईटीपी रायल्टी प्रस्तुत नहीं कर पाने,रेत का पता नही बता पाने सहित अन्य जानकारियो के अभाव में तीन डम्परों को केवलारी थाना एवं तीन डम्परों को उगली थाना में जब्त कर खड़ा किया गया है। खनिज शाखा सिवनी को जांच कर अग्रिम कार्रवाई के लिए के लिए निर्देशित किया गया है। ग्राम जैवनारा में पहाड़ी टोला एवं खेरी उगली के पास रेत भंडारण होना पाया गया है ,जिसे मौके पर खनिज विभाग के द्वारा पंचनामा तैयार कर जप्ती का अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की गई है मिली जानकारी के अनुसार जप्त किया गए डम्पर उगली थाना में एमपी 22 जी3667 सतीश ,एमपी 22जी3556 संदीप , एमपी 21जी2007 राजेश इसी तरह केवलारी-थाना में खड़े किए गए डम्परो में एमपी 50एच 1504,एमपी 20जी2062,एमपी 41 एचए 1287 पर कार्यवाही की गयी है। खनिज विभाग के द्वारा अभी तक क्या कार्यवाही की गयी इस संदर्भ मे खनिज निरीक्षक-श्री मति श्रीवंती परते को फोन लगाया तो उन्होने फोन नही उठाया ।

# राम दरबार की होगी स्थापना निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री राम जन्म उसत्व समिति की एक बृहद बैठक श्री राम मंदिर परिसर सिवनी में विगत शुक्रवार को रात में आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के कार्यकर्ता व नगर के जागरूक नागरिको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अनेक निर्णय लिये है मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष भी भगवान राम जी का जन्म उत्सव का कार्यक्रम भव्य रूप से होगा।तीन दिवस तक चलने वाले जन्म उस्तव में गांधी चौक में श्री राम दरबार की विधिवत स्थापाना होगी जहां हर दिन भगवान श्री राम की सामुहिक भव्य सगीतमय आरती का आयोजन होगा, बैठक में पूरे नगर की सॉज सज्जा को लेकर भी सभी ने अपने अपने मोहल्लों गलियों को भगवामय करने की जवाबदेही ली है,समिति द्वारा कार्यक्रम को अंतिम स्वरूप देने के लिये आगामी 5 अप्रेल को रात 9 बजे बैठक श्री राम मंदिर शुक्रवारी में रखी है इस बैठक में सभी से शामिल होने का अनुरोध समिति की ओर से किया गया है।





# बस की टक्कर से बरघाट के 2 मृत, कुरई में कन्टेनर-पिकअप की टक्कर से 1 मृत एवं 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बरघाट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार से जा रही सूत्र सेवा की बस की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। व एक अन्य घायल हुआ है। इसी प्रकार कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार जा रहे हैं कंटेनर ने पीछे से पिकअप वाहन को टक्कर मार दिया जिससे एक युवक की मौत हो गई व एक अन्य घायल हुआ है। शनिवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई व पांच लोग घायल हुए हैं। बरघाट थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार सिवनी से बालाघाट दिशा की ओर जा रही सूत्रसेवा बस एमपी 28 सी 0719 के चालक ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दिया। इस सड़क हादसे में आलोक ठाकरे (21) निवासी धारनाकला, राहुल पटले (18) मानेगांव की मौत हो गई। वहीं महेंद्र बघेल (23) मानेगांव घायल हुआ है। जिसका उपचार जारी है। कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग पर शनिवार को सुबह तेज रफ्तार से जा रहे एक कंटेनर में पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पिकअप सड़क के किनारे पलट गया। इस दुर्घटना में पिकअप में सवार 27 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है, वही कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुरई घाटी के पास तेज रफ्तार से जा रहे एक कंटेनर वाहन क्रमांक आरजे 18 जीबी 2201 के चालक ने सामने से जा रहे एक पिकअप वाहन एमपी 22 जी 2639 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। पिकअप में सवार गोलू कुमरे पिता परसादी कुमारे (27) निवासी बम्हनी बरघाट की मौके पर मौत हो गई। वहीं पिकअप में सवार अन्य चार घायलों में जितेंद्र, धूप सिंह, लाल सिंह व राजकुमार घायल हैं। जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। कुरई पुलिस ने फरार कंटेनर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# कायाकल्प अभियान के मूल्यकन में प्राथिमक स्वास्थ्य केंद्र उगली चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला मुख्यालय से सिवनी जिले की केवलारी तहसील अन्तेर्गत जिले सीमा पर बसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उगली वर्ष 2023-24 के कायाकल्प के फाइनल मूल्याकन में चयनित संस्थाओ की सूची में स्थान मिला है। राज्य स्वास्थ्य संस्था एव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भोपाल के आदेशनुसार कायाकल्प अभियान के अन्तेर्गत स्वास्थ्य सेवाए में गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु प्रतिबध है। इसके लिए कायाकल्प अभियान के मापदंड के अनुसार विकसित किया जा रहा है। सिवनी जिले के सभी सिविल अस्पताल और ग्रामीण क्षेत्रो को स्वास्थ्य सुविधा मुहिया कराने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का मूल्याकन किया गया था। जिले के सिविल अस्पताल केवलारी सहित लखनादौन गोपालगंज छपारा घंसौर और बरघाट का चयन किया गया है ग्रामीण क्षेत्रो में कुल 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का चयन किया गया है जिसमे केवलारी तहसील की प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र पलारी और उगली का चयन किया गया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प अभियान में फाइनल मूल्याकन में चयनित होने पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों और लोगो ने हर्ष जताया है साथ ही आने वाले समय में और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए जरुरी कदम उठाने में सहयोग की बात कही है। प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र उगली के डॉ विजेंद्र सिह उइके तरुण ठाकुर हेमलता कटरे नर्सिंग आफिसर उके और पदस्थ सभी कर्मचारियों के अथक प्रयासों और मेहनत के साथ ही सिविल अस्पताल केवलारी के डॉ ए के लखारा और डॉ अमित जैन के मार्गदर्शन में कायाकल्प मूल्याकन में अहम स्थान प्राप्त किया।





# आबकारी अमले ने घर के छप्पर से जब्त की बोतलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शराब का अवैध विक्रय करने वाले आरोपित गांव-गांव में शराब परोसने सातिर तरीके से शराब की बोतलों को छिपाकर आबकारी विभाग को चकमा देने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन लोकसभा निर्वाचन के चलते आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान में आरोपितों कोई भी तरकीब काम नहीं आ रही है। आरोपितों ने इतने सातिर तरीके से शराब की बोतलों को छिपाया था कि इसे ढूंढ कर निकाला आसान नहीं था। सहायक आबकारी अधिकारी प्रणय श्रीवास्तव ने बताया कि आबकारी अमले ने शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया। लालपुर गांव में आरोपित लीलाधर ने अपने घर के अंदर मवेशी बांधने के कोठे की जमीन में गड्ढा खोदकर उसमें प्लास्टिक केन गढ़ाकर इसके अंदर शराब की 31 बोतले छिपाकर रखी थी, जिसे ऊपर से लकड़ी और पैरे से ढंक दिया गया था। आबकारी अमले ने छानबीन के दौरान यहां से शराब की कई बोलतें जब्त की है। कल्याणपुर में आरोपित रमेश ने आबकारी विभाग को चकमा देने शराब की बोतलों को अपने घर के छप्पर में छिपा रखा था, जिसे आबकारी आरक्षक मुकेश अहिरवार ने छप्पर में चढ़कर खोज निकाला और 60 पाव शराब की बोलतें जब्त की गई। विभागीय अमले ने धारनाकला के डोरली जंगल में छापामार कार्रवाई कर देशी कच्ची शराब की अवैध भट्टी को ध्वस्त कर 1950 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया है।

# मातृशक्ति अखण्डदीप रथ यात्रा के माध्यम से ग्राम-ग्राम में आस्था का संवर्धन का प्रयास -गायत्री परिवार

**दीप से दीप जलाते चलो**
**प्रेम की गंगा बहाते चलो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

परमपूज्य गुरुदेव ने 1926 में जिस दीप को जलाकर 24 वर्षों तक 24 - 24 गायत्री पुरुश्चरण किया था, इस दीपक के 100 वर्ष 2026 में होने जा रहे है। माता भगवती देवी शर्मा, के जन्म के भी 100 वर्ष हो रहे हों।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा समूर्ण मध्यप्रदेश में 205 रथयात्रा के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत तक रथ यात्रा को शक्तिकलश का भ्रमण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम विगत 2 माह से चलाया जा रहा है। अभी तक 58 ग्रामपंचायत और ग्रामों में यह यात्रा पहुँच चूंकि है। जन - जन में धार्मिक आस्था, और सामाजिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए , बच्चों में संस्कार का निर्माण, परिवार में प्रेम एवं अन्न को संस्कारित कर मात्र शक्तियों द्वारा परिवार को संस्कारित भोजन प्रदान करें। बच्चों में बुद्धि वर्धन के सूत्र आदि बतलाकर उनके जीवन को सुखी, समृद्ध, और शांति भरा जीवन बनाने की गायत्री परिवार की यह यात्रा 71 पंचायतों में और संलग्न ग्रामों में जनजागृति फैला रहा है। आज मनुष्य तो जन्म ले रहा है लेकिन उसमें मनुष्यता की सर्वथा कमी देखी जा रही है। स्वार्थ, अनास्था, पीड़ा, पतन और अविश्वास की आंधी में लोगों को कही दम तोड़ते देखे जा रहे है। परिवार , रिश्ते बिखर रहे है।

इस रथ यात्रा में शक्तिकलश , अखण्ड दीप और देव स्थापना, के साथ साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को समाज सुधार की पिक्चर भी दिखाई जाती है। किसी एक ग्राम में जहाँ संध्या काल होता है। वहाँ दीपयज्ञ एवं संस्कार भी कराया जाता है। जन जन में गायत्री और यज्ञ का महत्व समझया जा रहा है।

# सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं तहसीलदारों को दिया गया प्रशिक्षण



**लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत शनिवार 23 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा तहसीलदारों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थिति अधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ मतदान दिवस से मतगणना तक की जाने वाली कार्यवाही के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों की ईव्हीएम मशीन के साथ हेण्डस्ऑन ट्रेनिंग भी कराई गई। अधिकारियों द्वारा बीयू, सीयू तथा व्हीव्हीपेड को जोडने, मॉकपोल सहित ईव्हीएम से जुडी सभी कार्यवाही स्वयं करके देखी। कार्यक्रम में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ-साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप की उपस्थिति रही।



## शत प्रतिशत मतदान की कार्ययोजना को लेकर लगातार जारी है जागरूकता गतिविधियां

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में मतदाता जागरूकता गतिविधियां वृहद स्तर पर जारी हैं। स्कूल, कॉलेजों में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर नवमतदाताओं को आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने अभिभावकों के नाम पाती लेखन तथा रैली निकालकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। वही मैदानी अमले द्वारा नवमतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरण के साथ-साथ मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## मतदाता जागरूकता गतिविधियों को लेकर सीईओ जिला पंचायत ने ली विकासखण्ड स्तरीय बैठक

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप प्लान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत केवलारी एवं धनौरा में दिया गया। सीईओ श्री नवजीवन विजय द्वारा संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को शतप्रतिशत मतदान के लिए मैदानी स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां सक्रियता से सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी विकासखंड अधिकारी, उपस्थित रहे।

# 56 नग गौवंश क्रूरतापूर्वक भरे ट्रक के साथ ही एक आरोपी को पकड़ा

**पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले में गौवंश तस्करी के विरूद्ध हेतु संवेदनशील है और गौ तस्करों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही हेतु आदेश है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी तारतम्य में पुलिस अति. पुलिस अधीक्षक महोदय जी.डी. शर्मा के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सुश्री पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी के नेतत्व में पूर्व में लगातार कार्यवाही की जाती रही है इसी अभियान में 24 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी एक ट्रक क्रमांक सी.जी. 07 सी.बी.0717 से छत्तरपुर से सिवनी होते हुये नागपुर, हैदराबाद जा रहे थे जो सूचना को गंभीरता से लेते हुये छिंदवाडा रोड ब्रिज के ऊपर बायपास रोड पर चैकिंग लगाकर गाडी को रोककर चैक किया गया जो उक्त ट्रक में 56 नग गौवंश क्रूरतापूर्वक भरे होना पाया गया जो उक्त वाहन में एक आरोपी को पकडा गया एवं अन्य आरोपी पुलिस को देखकर भाग गये बाद मवेशियों को गौशाला में सुरक्षार्थ उतार कर रखवाया गया आरोपी के विरूद्ध गौवंश अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम में कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार आरोपी

राजू पाल पिता मदन पाल उम्र 40 साल निवासी गुलशन नगर नागपुर जप्तीः- 56 नग मवेशी, एक ट्रक क्रमांक सी.जी. 07 सी.बी. 0717 ।

## होली मिलन समारोह का आनन्दजनक आयोजन किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मथुरा वृंदावन में जहां ब्रज की होली रंग गुलाल का दौर शुरू हो चुका है वही नगर के महावीर मढ़यिा सिवनी के सामने मिश्रा कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी पर सायंकाल आरती के पश्चात श्रीश्री श्यामा मन्दिरम में होली मिलन समारोह का आनन्दजनक आयोजन आयोजित किया गया।

## वुरकल खापा टोल टैक्स के पास ट्रक पलटा, ड्राइवर और कंडक्टर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले और वुरकल खापा टोल टैक्स के पास शनिवार शाम एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए।



## वारासिवनी क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

# मातृशक्ति अखण्ड दीप शताब्दी श्रद्धा संवर्धन शक्ति कलश यात्रा पहुंची शतप्रतिशत पंचायतों तक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शताब्दी समारोह 2026 के पूर्व समूचे भारत में श्रद्धा संवर्धन यात्रायें प्रगति पर हैं। इसी क्रम में बालाघाट जिले के दसों विकास खण्डों में 10 रथ यात्राएं प्रगति पर हैं। जिनमें गायत्री परिवार वारासिवनी के परिजनों ने सक्रियता के साथ रथ क्रमांक 154 द्वारा 10 मार्च से 19 मार्च 2024 के बीच सभी 60 पंचायतों एवं 3 अतिरिक्त ग्रामों में पहुंचकर राष्ट्र जागरण का गुरु सन्देश दिया। इसके साथ ही जगह-जगह गायत्रीदीप महायज्ञ हुए। जिनमें गुरु सन्देश देते हुए सामूहिक गायत्री साधना एवं दीप यज्ञ आयोजनों में श्रद्धा भक्ति उमड़ते मनुष्य में देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग के अवतरण के अदभुत नजारे देखने मिले।

### 18 जनवरी 1926 से जल रही हैं अखंड ज्योति

ज्ञात हो कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा जी के द्वारा 18 जनवरी 1926 की वसंत पंचमी को अखण्ड गौघृत दीप प्रज्जलित किया गया। जिसके 100 वर्ष 2026 में होने जा रहे हैं। दूसरे पूज्य गुरुदेव की शक्ति स्वरूपा जीवन संगिनी माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी भी 2026 में होगी। अतः राष्ट्रीय स्तर पर मातृ शक्ति श्रद्धा संवर्ध यात्राएं शांतिकुंज के मार्गदर्शन में निकाली गई हैं।

### बालाघाट में दिसम्बर में होगा 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

इधर बालाघाट में 30 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2024 के बीच राष्ट्र जागरण अभियान 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ विराट संस्कार महोत्सव का आमंत्रण सन्देश भी हर पंचायत में जनता जनार्दन को दिया गया एवं समाज में फैली कुरीतियॉ, व्यसन मुक्त, वृक्षारोपण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता हेतु जागरण सन्देश दिए गए।

### इनका रहा हैं सहयोग

यात्रा का संयोजन संचालन वारासिवनी विकासखंड समन्वयक जी एस बिसेन ने कुशलतापूर्वक अपने सहयोगियों पीतमलाल बोपचे, दिलीप घोले, चैतराम शिव, लक्ष्मीकांत जोगी, धनराज सिन्हा, श्रीमती प्रेमलता बिसेन, श्रीमती यशोदा बिसेन, सुनीता चौधरी, पूर्णिमा बिसेन, दुर्गन बिसेन, विजय बिसेन, दल्लूराम राहंगडाले, सूर्यप्रकाश पटले, जगन्नाथ बिसेन, सुखलाल मोहारे एवं अन्य परिजनों के साथ सम्पन्न कर जिले नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिला समन्वय समिति गायत्री शक्तिपीठ बालाघाट एवं उपजोनल प्रभारी दीपचंद मालवी ने वारासिवनी के परिजनों को साधुवाद प्रेषित किया हैं।

## चुनाव का पर्व, देश का गर्व विषय पर हाथों में सजाई गई मेहंदी

# जनपद व ग्रामों में महिलाओं ने मेंहदी लगाकर किया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



आम लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक मतदाता की सहभागिता के लिए वारासिवनी जनपद सीईओ दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों का प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें गुरुवार को मतदाता जागरूकता हेतु चुनाव का पर्व, देश का गर्व विषय पर कई विभागों के अधिकारी/कर्मचारी महिलाओं द्वारा आकर्षक मेहंदी हाथों में बनाई गई।

स्वीप गतिविधि में आजीविका मिशन से रश्मि नागवंशी, खेल विभाग से ममता बिसेन एवं जनपद पंचायत वारासिवनी से सहायक नोडल स्वीप अनुपमा तिवारी, दिव्या गणवीर, लक्ष्मी ऐडे, अंशु बंसोड़, मेघा ऐवले, श्रद्धा सहारे, माधुरी पटेल, आकांक्षा नेवारे एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा अपने गांव, अपने शहर, अपने परिवार के सभी सदस्यों को अपना अमूल्य मत देने की अपील करते हुए शपथ दिलाई गई। इस गतिविधि में शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी से कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस एवं ईएलसी प्रभारी, छात्र-छात्राओं के साथ सहभागी हुए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही आजीविका मिशन की दीदीयों का भी विशेष सहयोग रहा।

अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा शैलेन्द्र अडमे ने बताया कि जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत 60 ग्राम पंचायतों में गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों द्वारा मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमें ग्राम की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर अपने हाथों में मेंहदी लगाकर मतदान की अनिवार्यता की आवश्यकता को बताते हुए मतदान करने की अपील की।

## जिला अस्पताल में मनाया गया मुख स्वास्थ्य दिवस, कर्मियों को दिलवाई शपथ

**बालाघाट।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस बुधवार को जिला अस्पताल में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं साथ ही रैली का आयोजन किया गया व शपथ ग्रहण की गई। इसमें मुख के स्वास्थ्य से जुड़ी बारीकियां और सावधानियां को बताया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर, वार्ड इंचार्ज स्टाफ के साथ-साथ मरीजों और उनके परिजनों को दातों और मुख से संबंधित शपथ दिलवाई गई। डॉक्टर पांडे ने बताया कि 20 मार्च से 10 अप्रैल तक ओरल हेल्थ मंथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को मुख की बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल कॉलेज में किया जाएगा एवं सभी सरकारी अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख का प्रशिक्षण करने के साथ-साथ मुख कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर अभियान का किया शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जन अभियान परिषद के अंतर्गत नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अभियान का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल से प्राचार्य संचालक निरंजन बिसेन के निर्देशन में निकाली गई। जो वार्ड क्र.1, 2 सम्राट नगर, शंकर नगर, ग्राम सिकन्द्रा के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए पुनः कैरियर स्कूल पहुंच कर समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि छात्र छात्राओं द्वारा अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस रैली तथा अभियान में स्कूल के वरिष्ठ व्याख्याता राकेश कुमार मिश्रा, श्रीमती अनीता मिश्रा, डी. पी. चैतगुरू, यू.के.कटरे, प्रशांत धार्मिक, देवसिंह ठाकुर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं श्रीमती ज्योति बिसेन, ज्योति बाला बोपचे, ममता सोनकुसरे, कु. भारती डोगरें, साधना बंसोड़, कु. ज्योति गौतम सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं छात्र छात्राएँ सम्मिलित रहे।

## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ की सीमा पर चैक प्वाइंट बनाकर बढ़ाई चौकसी

# थाना प्रभारी मदन इवने ने प्रभार संभालते ही कानून व्यवस्था में लाई कसावट

हरिभूमि न्यूज लांजी।



पूरे देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो चुकी है। वहीं आदर्श आचार संहिता के बीच में ही होली का पर्व मनाया जाना है जिसके लिये प्रशासन के समक्ष दोहरी जिम्मेदारियों का भार आ चुका है खासकर पुलिस अमले के लिये तो चुनाव और त्यौहार दोनो ऐसे समय होते है जिसमें उनकी जिम्मेदारियां और आलाअधिकारियों के दिशा निर्देशों का काफी दबाव होता है। वहीं आगामी 19 अपै्रल को बालाघाट में लोकसभा चुनाव संपन्न होने है ऐसे मे जिले की समस्त सीमा क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा चेक प्वाईंट बनाकर जांच की जाती है। इसी कड़ी में 22 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में लांजी एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया के दिशा निर्देश में बहेला टीआई मदन इवने द्वारा ग्राम रिसेवाड़ा के टिमकीटोला चैक प्वाइंट पर छत्तीसगढ और महाराष्ट्र राज्य से आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। तथा नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले यातायात नियमों का पालन नही करने वाले, बगैर सीट बेल्ट, हेलमेट के वाहन चलाने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की गई। वहीं सभी वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई कि भविष्य में सभी वाहन चालक एवं वाहन पर सवार व्यक्ति को अनिवार्यतरूहेलमेट पहनना होगा। अपने गाडिय़ों के समस्त दस्तावेज अपडेट रखना होगा। इस दौरान बहेला थाना से पुलिसकर्मी भी टीआई मदन इवने के साथ मौजूद रहे।

### दोनो चैक प्वाइंट पर थाना प्रभारी की मुस्तैदी

उल्लेखनीय है की बहेला थाना प्रभारी मदन इवने द्वारा बीते फरवरी माह में ही बहेला थाने का प्रभार लिया गया है परंतु इनके यहां प्रभार संभालते ही कानून व्यवस्था में काफी कसावट देखने को मिल रही है। जिसमें इनके द्वारा एक हत्याकांड का खुलासा किया गया एवं गुंडा, बदमाश तत्वों के बीच में भी पुलिस की एक अलग छवि स्थापित करने का कार्य किया है जिससे क्षेत्र में उनकी एक अलग छवि लोगों के बीच में देखने को मिल रही है। वहीं बहेला थाना क्षेत्र जहां एक एक नहीं दो राज्यों की सीमा जुड़ती है वहां पर भी पुलिस टीम द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चैक प्वाईट बनाए गए है जहां थाना प्रभारी मदन इवने अपने हमराह स्टाफ के साथ पूरी मुस्तैदी से यहां से गुजरने वालों की चैकिंग कर रहे है और वाहन चालकों को समझाईश भी दे रहे है। साथ ही इनके द्वारा चैक प्वाईट पर ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मचारियों सहित अन्य लोगों की सुविधाओं का भी खासा ध्यान रखा गया है।

## मानव श्रृंखला बनाकर खिलाड़ियों ने दिया मतदान का संदेश



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिपं बालाघाट डीएस रणदा के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जंप लांजी में शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार विकासखंड लांजी के खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खिलाड़ियों को बताया गया कि अपने घर पर एवं आस पड़ोस में सभी लोगों को जागरूक करें और किसी भी प्रकार के प्रलोबन में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करे और देश के विकास में अपनी सहभागिता दे एवं आगामी 19 अप्रैल को अनिवार्यतः मतदान करें। मतदाता जागरूकता अभियान में ब्लॉक युवा समन्वयक प्रज्ञात वासनिक, नवीन रामटेक्कर, साहिल पांडे, वरुण बड़मे, यश वानखेड़े उपस्थित रहे।

## ट्राले ने बाईक सवारों को कुचला



**मण्डला।** मण्डला-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एक बार फिर खून से लाल हो गया जब रायपुर से आ रहे एक भारी-भरकम ट्राले ने बाईक संवारों को कुचल दिया दुर्घटना इतनी भयावह और दर्दनाक थी कि बाईक संवारों को रोंदते हुये ट्राला राष्ट्रीय राजमार्ग छोड़ सड़क से नीचे उतर गया जब खेतों में रूका तो उसमें चके के नीचे एक महिला फंसी हुई थी वहीं करीब में एक बच्चा पड़ा था और ट्राले के नीचे अंदर की ओर एक व्यक्ति का शव था। सूत्रों एवं प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटना में 04 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई अन्य जानकारी प्रतिक्षारत है।

## सिंधी महिलाओं ने किया होलिका माता पूजन

* मीठी रोटी, सिंधी गीयर, गुलाब जामुन, रेवड़ी और अन्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज मण्डला



रंगों के पर्व होली की पारंपरिक पूजा के अंतर्गत धुरेडी पर्व के एक दिन पूर्व सिंधी समाज की महिलाएं प्रतिवर्ष सामूहिक रूप से होलिका माता की पूजा करती है,इसमें पारंपरिक व्यंजन मीठी रोटी, सिंधी गीयर, गुलाब जामुन,भजिया, रेवड़ी आदि का भोग लगाया जाता है, इस पूजा में मीठी रोटी जो कि होलिका माता का प्रतीक है इसके ऊपर धागा बांधा जाता है, इसमें धागा भक्त प्रहलाद का प्रतीक है, इसमें मीठी रोटी को अग्नि दी जाती है तो मीठी रोटी जल जाती है और धागा जो कि भक्त प्रहलाद का प्रतीक है वह शेष रह जाता है इसका आशय यह है कि बुराई पर अच्छाई की जीत और हम इसे परंपरा के तौर पर पूजन करते हैं, इस अवसर पर सामाजिक महिलाएं उपवास रखती हैं और पूजन अर्चन के बाद ही प्रसादी ग्रहण करती हैं, सभी महिलाओं ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी और परंपराओं को निभाते हुए विधिवत पूजन अर्चन किया।

## अभाविप इकाई नैनपुर ने मनाया शाहिद दिवस

हरिभूमि न्यूज मण्डला/नैनपुर



भारत देश पुरातन से ही विरो की भूमि के नाम से प्रसिद्ध है। भारत में लंबे समय से स्वतंत्रता का संघर्ष चल जिसमें अनेक क्रांतिकारियों ने अनेक वीरांगनाओं ने, वीरों ने अपना सर्वस्व जीवन निछावर कर दिया अपने प्राणों की आहूति दे दी और अंततः भारत देश को आजाद करवाया इसी कड़ी में जब भारत अंग्रेजो के कैद में था तब 23-23 साल के भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे युवाओं ने भारत में नई क्रांति को जन्म दिया जिनका नाम आज भी आज़ादी के इतिहास में लिया जाता है। लगातार अंग्रेजो से अपनी स्वतंत्रता के हक की लड़ाई लड़ते-लड़ते उन्हे अंग्रेजी सरकार ने 23 मार्च 1931 को फांसी की सजा सुना दी और इन तीनो युवाओं ने हस्ते हस्ते फांसी के फंदे को चूमा और अपनी मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दे दिया। तब से आज तक भारत में 23 मार्च को शाहिद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नैनपुर द्वारा बस स्टैंड नैनपुर स्तिथ भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव जी की प्रतिमा पर पुष्प व अगरबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित कर अमर बलिदानियों की वीर गाथा को याद किया गया। कार्यक्रम में अभाविप नैनपुर के सभी कार्यकर्ता व महाविद्यालय के विधार्थी उपस्थित रहे।

**अनदेखी** | **एक दिन में की गई चार लाख की मनमानी खरीदारी।**

# मनेरी स्कूल में लापरवाही की हदें पार

* तत्कालीन प्राचार्य के ऊपर बनाया गया

हरिभूमि न्यूज मण्डला



आदिम जाति बाहुल्य जिला मण्डला की ख्याति दिन ब दिन भ्रष्टाचार के लिए प्रसिद्ध होती जा रही है जिनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी केंद्र बिंदु बना हुआ है यहां भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों की खेप समाहित है यहां के शिक्षक और कर्मचारी लंबे समय से भ्रष्टाचार करते हुए अधिकारियों के संरक्षण में फल फूल रहे हैं संस्था के शिक्षकों में गुटबाजी, शासकीय राशि का गबन, राजनीतिकरण जैसी घटना के साथ अब नया मामला सामने आया है जो हैरान करने वाली बात है। कि एक दिन में चार लाख से अधिक राशि की मनमानी खरीदी की गई जिसमें विभाग के उच्च अधिकारी का संरक्षण इन्हें दिया जा रहा है और जल्द से जल्द फंड को खत्म करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

### पीएम श्री विद्यालय में एक दिन में चार लाख की खरीदी

ज्ञात हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी पीएमश्री दर्जा प्राप्त विद्यालय है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा विद्यालय को अपग्रेड करने हेतु एवं बच्चों की उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं मुहैया करने हेतु राशि दी गई है साथ ही सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यकता होने पर राशि का भुगतान एवं व्यय किया जाए किंतु भ्रष्टाचारियों के जुगलबंदी आपसी मतभेद की वजह से आज तक पीएम श्री हेतु कोई भी कार्य क्रियान्वित नहीं है ना ही कोई रूपरेखा तैयार की गई है उच्च अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द सरकारी फंड को उपयोग करने हेतु निर्देश दिए गए जिस हेतु आनन-फानन में एक दिन में ही चार लाख से अधिक राशि का भुगतान विद्यालय में किया गया क्या इस प्रकार सरकारी फंड का उपयोग उचित है? सूत्रों की जानकारी अनुसार विद्यालय 4 लाख 16 हजार की बिना किसी कार्य योजना तैयार किये ख़र्च करने की जानकारी प्राप्त हो रही है। जबकि आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना तैयार निविदा आदि का प्रकाशन कर राशि खर्च की जानी चाहिए था किन्तु यहां ऐसा नही आंख बंद करके बिना विद्यालय मे सामग्री आये भुगतान हेतु तत्कालीन प्राचार्य से विभागीय दबाव बनाकर ओटीपी ली गयी, जबकि जब प्राचार्य शुभेंदु दास का स्थानांतरण विजयपुर बीजाडांडी ब्लॉक का हो गया था तो सर्वप्रथम मनेरी स्कूल मे नये प्राचार्य के मोबाइल नंबर अपग्रेड कराया जाना चाहिए था किन्तु बिना मोबाइल नंबर अपग्रेड कराया राशि भुगतान हेतु अग्रिम कार्यवाही की गयी जिसमे बैक की ओटीपी तत्कालीन प्राचार्य के मोबाइल नंबर मे आयी जिसमे उन्होंने विभाग के अधिकारी एल एस मसराम सहायक संचालक (रमसा) जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मण्डला से पूछा की राशि मनेरी स्कूल मे खर्च की जा रही है उसकी ओटीपी मेरे नंबर मे आ रही है जो ग़लत है, जब मेरा स्थानांतरण वहां से हो गया तो मेरे नंबर की जगह वर्तमान प्राचार्य का नंबर दर्ज होने के बाद राशि खर्च की जाये ऐसी स्थिति मे भुगतान करने मे बैंक मे मेरा नाम आयेगा। किन्तु श्री मसराम द्वारा कहा गया आप मनेरी स्कूल की राशि खर्च करने मे सहयोग करो केवल आप वहां ओटीपी भर देते जाओ वह कुछ भी करे अन्यथा आपको नोटिस जारी किया जाएगा, यह राशि समय सीमा मे खर्च किया जाना है। जिसपर पूर्व प्राचार्य ने समस्त ओटीपी संबंध स्कूल के आपरेटर को बता दी और ओटीपी की सूचना पत्र द्वारा मनेरी प्राचार्य को भी दे दी गयी है।

## बीएसवीपी ने शहीद दिवस पर किया शहीदों को याद

हरिभूमि न्यूज मण्डला



बीएसवीपी मण्डला भागीरथ सेवा विकास परिवार मण्डला द्वारा 23 मार्च 2024 को स्थानीय मां नर्मदा रपटाघाट पर खुला मंच एवं भारत के महान नायक सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की शहीदी दिवस और इनके स्मृति पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया शहीदों को श्रद्धांजलि अनोखे तरीके से बीएसवीपी के सदस्यों द्वारा 551 दीप प्रज्वलित कर और दीप प्रज्वलित के साथ ही देशभक्ति गीतों का वाद्य यंत्रों के साथ किया गया। बीएसवीपी के मातृशक्ति बहनों द्वारा रंगोली की सज्जा की जिसमें दो प्रमुख विषय मतदाता जागरूकता एवं सिकल सेल एनीमिया जांच का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रचारक क्रीडा भारती श्री कौशलेंद्र ने शहीद दिवस पर क्रांतिकारी जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण सामाज को संदेश सिकल सेल एनीमिया जांच का एवं होने वाले लोक सभा चुनाव की दृष्टि से मतदाता जागरूकता का संदेश बहनों द्वारा सुंदर रंगोली प्रस्तुत कर दिया गया सेंकड़ों की संख्या में युवा युवतियां वरिष्ठ मातृशक्ति समेत बच्चों ने भी शहीद हुए भगतसिंह राजगुरु सुखदेव के विचारों को सुना और उन्हें दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित श्रंद्धाजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रचारक क्रीड़ा भारती श्री कौशलेंद्र हिंदू जागरण मंच से संदीप सिंगोर वरिष्ठ सामाज सेविका श्रीमती सरिता अग्निहोत्री बीएसवीपी संरक्षिका श्रीमती प्रिया धुर्वे सामाज सेवी अमरेश सिंह युवा सामाज सेवी देवेन्द्र रजानी नीरज कांड्रा सनातन धर्मोत्सव परिवार से रंजीत कछवाहा किशोर रजक और बीएसवीपी संयोजक संतोष कुमार मरावी शीतल कुमार कछवाहा साहिल लहोरिया राधा बरमैया पूनम भांडेय दुर्गेश चोधरी आकाश नंदा विनय बरमैया अनील यादव दयाराम यादव नारायण प्रसाद नागवंशी राजेश अवधिया समेत सैकड़ों की संख्या में बीएसवीपी के युवा मातृशक्ति बहने उपस्थित रहे।